हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
मेट्रो सिटी
नागपुर, रविवार, 15 दिसंबर 2024


## सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात ट्रक ने कुचला, हुई मौत

**नागपुर.** सिग्नल पर पैदल सड़क पार करते हुए एक युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया जिसकी बाद में मौत हो गई। मृतक की पहचान सारंग प्रदीप भोयर (24) प्लाट नंबर 8,साई बाबा नगर, खरबी रोड, वाठोडा निवासी के रूप में हुई है। यह दुर्घटना शुक्रवार रात करीब 8:30 के दौरान हुई। जानकारी के अनुसार सारंग खरबी चौक के पास स्थित सिग्नल पर पैदल सड़क पार कर रहा था। इस दौरान एक अज्ञात ट्रक चालक ने तेज गति व लापरवाही से अपना ट्रक चलाते हुए उसे कुचल दिया और मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल सारंग को लोगों ने इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में भेजा जहां जांच के दौरान ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने फरियादी अश्विन ईश्वर भोयर (27) साई बाबा नगर, खरबी रोड, वाठोडा निवासी की शिकायत पर अज्ञात तक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया और आगे की जांच कर रही है।

# आज महाराष्ट्र मंत्रिमंडल का विस्तार

**नागपुर.**

भाजपा के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार 15 दिसंबर को होगा, जिसमें नए मंत्री नागपुर में एक समारोह में पद की शपथ लेंगे. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है.

एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने न्यूज एजेंसी को बताया कि 30-32 मंत्रियों के शपथ लेने की संभावना है. राज्य विधानमंडल का एक सप्ताह तक चलने वाला शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर को महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी नागपुर में शुरू होने वाला है.



**> 32 मंत्री ले सकते हैं शपथ**

महाराष्ट्र में मंत्रिपरिषद में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 43 सदस्य हो सकते हैं. इस बीच, राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने शुक्रवार को कैबिनेट गठन को अंतिम रूप देने के लिए उपमुख्यमंत्री शिंदे और अजीत पवार से अलग-अलग मुलाकात की. सूत्रों ने कहा कि भाजपा को 20-21 मंत्री पद मिलने की संभावना है, इसके बाद शिवसेना को 11-12 और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को 9-10 मंत्री पद मिलने की संभावना है

20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनावों में महायुति ने राज्य की 288 सीटों में से 230 सीटें जीतकर सत्ता हासिल की. भाजपा 132 सीटों के साथ सबसे आगे रही, उसके बाद शिंदे की शिवसेना 57 और पवार की एनसीपी 41 सीटों पर विजयी रही. सरकार गठन में पहले ही कई उतार-चढ़ाव देखने को मिल चुके हैं.

### फडणवीस ने 22 मंत्रियों की सूची को अंतिम रूप दिया

उधर, शिवसेना ने कई मौकों पर शिंदे को उनके कद के अनुरूप पद दिए जाने की बात कही और गृह विभाग मांगा, जिस पर भाजपा सहमत नहीं हुई. देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को राज्य मंत्रिमंडल के लिए 22 मंत्रियों की सूची को अंतिम रूप दिया. उन्होंने एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी, ताकि सत्ता के बंटवारे और नवगठित सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की जा सके. दोनों ने कथित तौर पर राज्य में लागू की जाने वाली योजनाओं और परियोजनाओं पर चर्चा की.

## राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन का नागपुर में आगमन



नागपुर में भारतरत्न डॉ. बाबासाहब आंबेडकर हवाई अड्डे पर राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन का स्वागत करते हुए विभागीय आयुक्त विजयलक्ष्मी बिदरी, पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंगल, जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनायक महामुनी, पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार और वरिष्ठ अधिकारी।

# रामकथा विभाजित होकर नहीं, भक्त होकर सुननी चाहिए

### खासदार सांस्कृतिक महोत्सव में डॉ. कुमार विश्वास का 'राममय' दूसरा दिन

**नागपुर.**

"रामकथा को विभाजित होकर नहीं, बल्कि भक्त होकर सुनना चाहिए। विज्ञान का छात्र होने के नाते मैं कह सकता हूं कि रामकथा अद्भुत ऊर्जा का संचार करती है," ऐसा कहना है विश्वविख्यात कवि, मोटिवेशनल स्पीकर और बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ. कुमार विश्वास का। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की परिकल्पना से साकार हुए इस खासदार सांस्कृतिक महोत्सव के दूसरे दिन "अपने अपने राम" विषय पर मर्मस्पर्शी प्रवचन देते हुए डॉ. कुमार विश्वास ने यह विचार रखे। यह महोत्सव नागपुर के हनुमाननगर स्थित क्रीड़ा चौक में ईश्वर देशमुख शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय के मैदान में आयोजित किया गया। रामकथा: ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत डॉ. कुमार विश्वास ने अपने प्रवचन में कहा, "रामकथा में अमृततत्व है। यह पवित्र चरित्र हर बार नई ऊर्जा और नवजीवन देता है। नागपुर राष्ट्रवाद की संकल्पना का तीर्थ है, और श्रीराम उस राष्ट्रवाद के आदि पुरुष हैं। बच्चों को हैरी पॉटर के बजाय राम की कहानियां सुनाई जानी चाहिए, जो सिद्ध पुरुषार्थ की प्रेरणा देती हैं।" उन्होंने आगे कहा, "राम, कृष्ण हमारे सांझे पूर्वज हैं। राम जाति और धर्म से ऊपर हैं। राम पर लिखने और बोलने का मुझे भी अधिकार है।" इस दौरान उनकी टीम ने राघवेंद्र के गुणों का वर्णन करते हुए सुमधुर गीत और काव्य प्रस्तुत किए, जो श्रोताओं को भावविभोर कर गए। कार्यक्रम का शुभारंभ और आयोजन इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार भारती की प्रमुख कंचन गडकरी, एयर मार्शल संजीव घुराटीया, उद्योगपति सत्यनारायण





नुवाल, नवभारत के प्रबंध संपादक निमेश माहेश्वरी, लोकमत के संपादक श्रीमंत माने, तरुण भारत के संपादक गजानन निमदेव और अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। महोत्सव के माजी उपाध्यक्ष और हास्य कवि स्व. मधूप पांडेय की स्मृति में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। "अपने अपने राम" कार्यक्रम उन्हीं को समर्पित किया गया। डॉ. कुमार विश्वास की टीम की नीरजा, प्रियंका शाह, अंकिता और विरेन ने रामधुन प्रस्तुत कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन रेणुका देशकर, कविता तिवारी और बाल कुलकर्णी ने किया। सजावट: राममय वातावरण का निर्माण महोत्सव के मंच को अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति की तरह सजाया गया। राम, सीता और लक्ष्मण की कोदंडधारी मूर्तियां मंच पर विराजमान थीं, जो कार्यक्रम में आध्यात्मिकता और मांगल्य का भाव लेकर आईं। मंच की सजावट में "राम आराध्य भी हैं, राम आराधना भी हैं; राम साध्य भी हैं, राम साधना भी हैं" इन पंक्तियों का सजीव चित्रण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजन सुबह 7 बजे: सामूहिक रामरक्षा स्तोत्र और श्री मारुति स्तोत्र पाठ। शाम 6 बजे: "अपने अपने राम" विषय पर डॉ. कुमार विश्वास का प्रेरणादायक प्रवचन। महोत्सव आयोजन समिति का योगदान महोत्सव की सफलता में आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रा. अनिल सोले, उपाध्यक्ष डॉ. गौरीशंकर पाराशर, अशोक मानकर, दिलीप जाधव, सचिव जयप्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रा. राजेश बागड़ी और अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## नौकरानी ही निकली चोर

**नागपुर.** सदर पुलिस थाने के मोहन नगर स्थित प्रयाग अपार्टमेंट में रहने वाली एक महिला के घर से सोने की चेन गायब हो गई थी। पुलिस ने फरियादी महिला डिबुलीना प्रसुन चैटर्जी (37) जी/ गंगा प्रयाग अपार्टमेंट मोहन नगर निवासी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया था। महिला ने अपने यहां काम करने वाली नौकरानी पर शक जाहिर किया था। 11 दिसंबर की की सुबह 10:30 से शाम 6:00 के दौरान डिबुलीना के घर से उनकी 13 ग्राम की सोने की चेन गायब हो गई, जिसकी कीमत 78000 रुपये थी। दरअसल उनके यहां 3 साल से भांडे बर्तन मांजने का काम करने वाली दुर्गा प्रकाश सराटे (37) खलासी लाइन, सदर निवासी के खिलाफ ही उन्होंने अपना शक जाहिर किया था.

# जिस स्कूल में ग्रहण की शिक्षा, उसी में की चोरी

### > दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नागपुर.**

कलमना पुलिस थाना अंतर्गत बालाजी नगर एकता सोसाइटी स्थित लोकेश माध्यमिक स्कूल में हुई चोरी मामले का खुलासा करते हुए पुलिस में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में मनीष मानिकलाल शाहू 19) और टिकेश्वर उर्फ मुकेश शाहू (19) दोनों चित्रशाला नगर, शीतला माता मंदिर के सामने कलमना का समावेश है। खास बात ये दोनों ही युवक इसी पाठशाला से शिक्षा ग्रहण कर निकले थे, जहां उन्होंने इस चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। दोनों ही युवकों को नशे की लत लग गई थी जिसके चलते ही वह शहर में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। उनकी निशान देही पर चोरी का माल



भी पुलिस ने बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी प्लॉट नंबर 265,नवीन सूबेदार लेआउट हुड़केश्वर निवासी प्रशांत विट्ठल राव डोर्लिकर (47) लोकेश महाविद्यालय में सचिव हैं. 10 दिसंबर की रात अज्ञात चोरों ने उनके महाविद्यालय में सेंधमारी कीमती सामान चोरी किया था।

इसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी। जांच के दौरान ही कलमना पुलिस को गोपनीय जानकारी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर इन दोनों युवकों के द्वारा इस वारदात अंजाम दिये जाने का पता चला। जिसके बाद पुलिस ने इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया उनके पास से चोरी का लोहा, कटर मशीन, हारमोनियम, साउंड सिस्टम सहित करीब 1 लाख रूपयों का माल भी पुलिस ने बरामद किया है। इन दोनों ही युवकों को नशे की लत लग गई थी जिसके चलते वह शहर में चोरी की.

## फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**नागपुर.**



कुछ दिन पहले नागपुर के जीआरपी से लापता जवान का शव संदिग्ध हालत में फांसी के फंदे पर लटकी हुई हालत में कुही के वाड़ेगांव में मिला है। घटना स्थल पर ही पुलिस को इस सिपाही की दुपहिया वाहन भी मिली है। बता दें कि अजनी पुलिस थाना अंतर्गत उसके परिजनों ने उसके गुमशुदा होने की शिकायत दर्ज करवाई थी और तब से ही पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। मृतक सिपाही अजनी रेलवे क्वार्टर निवासी रोशन गिरी पूंजे था।

जो कि नागपुर जीआरपी में रीडर ब्रांच में कार्यरत था। वह 7 दिसंबर को कार्यालय से अपनी पल्सर बाईक पर घर के लिए रवाना हुआ था। परंतु देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने उसके गुमशुदगी की शिकायत अजनी थाने में की थी। जांच के दौरान ही अंतिम बार उसके मोबाइल की लोकेशन जबलपुर में मिली थी।

उसके बाद से ही उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा गया था। बताया जा रहा है कि पुलिसकर्मी रोशन जिस बाइक को अपने साथ लेकर गया था वह बाइक भी घटनास्थल पर पुलिस को मिली है । हालांकि शव के पास से कोई भी सुसाइड नोट पुलिस के हाथ नहीं लगा ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल में भेजा है और आगे की जांच कर रही है।

## 2.04 लाख का प्रतिबंधित नायलॉन मांजा जब्त

**नागपुर.**

शहर पुलिस द्वारा प्रतिबंधित नायलान मांजा के खिलाफ जारी अभियान के तहत गुप्त सूचना के आधार पर 2 छापेमार कार्रवाइयों में 4 लोगों को गिरफ्तार कर कुल 2,08,000 रुपये का नायलान मांजा जब्त किया गया. गिरफ्तार आरोपियों में

आदित्य उत्तम राउत (19) , शिवम बालकृष्ण तिवारी 18) दोनों गोपाल नगर निवासी, सैजाद उर्फ संजू मजीद अंसारी (20) कामगार नगर, कपिल नगर और मोहम्मद तौकीर अब्दुल अंसारी (25) दीवान शाह तकिया, तहसील निवासी का समावेश है. पहली कार्रवाई में क्राइम ब्रांच की यूनिट 1 ने प्रताप नगर पुलिस थाने के आईटी पार्क स्थित गार्गी मैथिली बिल्डिंग के सामने आरोपी आदित्य राउत और शिवम तिवारी को नायलान मांजा ले जाते हुए गिरफ्तार किया. उनके पास से 20 चकरी प्रतिबंधित नायलॉन मांजा मिला है जिसकी कीमत ₹32000 बताई जा रही है। तहसील पुलिस थाने के गश्ती दल ने देर रात करीब 12:45 बजे के दौरान गांधी बाग गार्डन के बाजू में स्थित एमएससीबी ऑफिस के सामने एक सफेद रंग की मोपेड गाड़ी पर जाते हुए सैजाद अंसारी और मोहम्मद अंसारी को पकड़ कर जब जांच की तो उनके पास मिले एक पोते में प्रतिबंधित नायलॉन मांजे की 56 चकरी मिली जिसकी कीमत 56000 बताई जारी है। इस कार्रवाई के दौरान गाड़ी व नायलॉन मांजे सहित 176000 रूपयों का माल पुलिस ने बरामद किया है। बाद में इन दोनों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया।






# शीतसत्र की अवधि में कटौती

### > विदर्भ की समस्याओं पर कैसे हो पाएगी चर्चा ?

**नागपुर.**

राजनाथ सिंह लोधी . विधानमंडल के शीतकालीन अधिवेशन की तैयारी पूरी हो गई है। राज्य सरकार का सचिवालय नागपुर में आ गया है। सरकार भी आ जाएगी। बहुमत के बल पर सत्तापक्ष और सरकार जोश में हैं। सरकार का नेतृत्व कर रहे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर से हैं, विदर्भवादी हैं। फडणवीस के नेतृत्व की वाहवाही हो रही है, लेकिन सवाल बना हुआ है कि विदर्भ की समस्याओं पर कैसे चर्चा होगी। नागपुर में शीतकालीन अधिवेशन औपचारिकता माना जाता रहा है। सत्र की अवधि में कटौती होती रही है। इस बार तो अल्पावधि में ही यह सत्र पूरा हो जाएगा। विदर्भ विकास के लिए भाजपा चिंता व्यक्त करती रही है। भाजपा के नेताओं ने विदर्भ के लिए कई आंदोलन किए, लेकिन बीते कुछ वर्षों में भाजपा विधायक शीतसत्र में प्रश्न उठाने के मामले में पिछड़ते रहे हैं। इस बार तो भाजपा विधायकों को सत्ता में भागीदारी की अधिक चिंता है।



विपक्ष कमजोर है और जोश दिखाने की स्थिति में नहीं है। ऐसे में प्रश्न है कि विदर्भ को कैसे न्याय मिलेगा।

अधिवेशन 16 से 21 दिसंबर तक तय किया गया है। 6 दिन के इस अधिवेशन में पहला दिन शोकसभा व्यक्त करने में बीत जाएगा। अधिवेशन 5 दिन का ही होगा। प्रश्नोत्तर काल में चर्चा की संभावना कम है। नियमानुसार विधायक अपने क्षेत्र से संबंधित प्रश्न स्वीकृति के लिए सचिवालय को भेजते हैं।

45 दिन पहले से प्रश्न स्वीकृति के लिए भेजना शुरू हो जाता है। प्रश्नों के लिखित उत्तर संबंधित विभाग के मंत्री देते हैं। प्रश्नोत्तर पत्रिका छपती है। उपप्रश्नों पर सभागृह में चर्चा होती है, लेकिन इस बार यह प्रक्रिया नहीं हो पाई है। मंत्री भी तय नहीं हैं। विधायकों की शपथ, राज्यपाल का अभिभाषण विशेष अधिवेशन में मुंबई में पूरा हो चुका है। ऐसे में नागपुर में शीतसत्र केवल औपचारिक ही हो सकता है।

### तय था 6 सप्ताह का सत्र

**नागपुर में यह अधिवेशन 6 सप्ताह का तय किया गया था, लेकिन नागपुर करार का पालन नहीं किया गया। अब तक यहां एक माह भी अधिवेशन नहीं चल पाया है। 1989 में 5 दिन में ही समाप्त हो गया था। वही स्थिति अब बनी है। 1962-63 में चीन युद्ध व 1979 में राजनीतिक उथल-पुथल के चलते नागपुर में अधिवेशन नहीं हो पाया। 2018 में शीत के बजाय मानसून अधिवेशन नागपुर में हुआ। कोरोनाकाल में 2 वर्ष तक यहां कोई अधिवेशन नहीं हुआ। इन स्थितियों को देखें, तो नागपुर में अधिवेशन औपचारिक ही साबित होते रहे हैं।**

## नाबालिग छात्रा से छेड़खानी करने वाले आरोपी का स्केच हुआ जारी

**नागपुर.** नंदनवन पुलिस थाना अंतर्गत अपने ही घर के सामने साइकिल से जा रही एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने इस आरोपी का स्केच जारी कर नागरिकों से उसके संबंध में किसी भी जानकारी के पुलिस में देने का आवाहन किया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित छात्रा 12 वर्ष की और नंदनवन परिसर में रहती है। 27 अक्टूबर की दोपहर करीब ढाई बजे के दौरान यह बच्ची साइकिल से अपने घर के सामने से ही जा rahi रही थी।


उसी दौरान 30 से 35 आयु वर्ग का एक अज्ञात आरोपी उसके पास आया और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए छेड़खानी की। हालांकि बच्ची के चीखने चिल्लाने के बाद आरोपी वहां से भाग खड़ा हुआ जिसके बाद इस मामले की शिकायत नंदनवन पुलिस थाने में दर्ज की गई।

# नायलॉन मांजे का इस्तेमाल न करें

## > कामठी पुलिस की अपील

**कामठी.**





मकर संक्रांति के मौके पर देश के कई दूसरे शहरों की तरह ही कामठी शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में भी पतंग उड़ाने का चलन है. हालांकि पतंगबाजी के इस खेल में हर साल पचासों पक्षियों की जान चली जाती है. इसकी वजह है पतंगबाजी में इस्तेमाल होने वाला चाइनीज मांझा. कामठी पुलिस ने इसकी बिक्री पर पाबंदी लगा दी है, साथ ही इसके निर्यात, भंडारण और उपयोग पर भी बैन लगा दिया है. इसका इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात नया कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे, जूना कामठी थाना वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रशांत जुमड़े, यातायात पुलिस निरीक्षक नितीन पतंगे ने कही है.

गौरतलब है कि मकर संक्रांति पर लोग नायलॉन मांझे से पतंग उड़ाते हैं. यह मांझा प्लास्टिक से बना होता है. इसमें विभिन्न प्रकार के केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे इसकी धार तेज बनी रहे.

पतंग कटने के बाद जब मांझा किसी बाइक सवार के गले, पक्षियों के पंखों में फंसता है, तो कटने का बड़ा खतरा रहता है. कई बार तो इससे जान तक जोखिम में पड़ जाती है. इसके तेज धार की चपेट में आने से बाइक सवार या पैदल चलने वाले भी गंभीर रूप से जख्मी हो जाते हैं. अधिकारियों ने कहा ने कहा कि आदेश के अनुसार, नायलॉन पतंग के मांझे का उपयोग, बिक्री और भंडारण करने वाले लोगों पर भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 188 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवहेलना) के तहत जुर्माना लगाया जाएगा. सरकार को चाहिए कि मांझे की पूर्ण रूप से खरीद-बिक्री को गैरकानूनी घोषित कर दे.

# हातला ग्राम पंचायत में कृषि मार्गदर्शन कार्यशाला संपन्न

**कोंढाली/काटोल.**




ग्राम पंचायत हातला एवं द विरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सहयोग से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत किसान मार्गदर्शन समारोह एवं कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में मार्गदर्शक के रूप में द विरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक सुनील वडस्कर, कृषि विभाग, नागपुर के उप मुख्य अधिकारी गुणवंत खोब्रागड़े, मनरेगा के जिला अधीक्षक अरविंद उपरीकर, तालुका कृषि अधिकारी रचना भोसले और ग्राम पंचायत के सरपंच प्रवीण फिस्के उपस्थित थे। कार्यशाला का सफल आयोजन द विरा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक वृषभ वानखेड़े द्वारा किया गया।

इस मौके पर अरविंद उपरीकर ने कैसे लाभकारी खेती करनी चाहिए? किसान अपना जीवन स्तर कैसे ऊँचा उठायें? इस संबंध में मार्गदर्शन देते हुए किसानों को मनरेगा एवं कृषि विभाग के तहत कई सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने बांस रोपण परियोजनाओं, मुर्गी पालन, सामूहिक भागीदारी के माध्यम से गोदामों के निर्माण, संतरे के रोपण और वृक्ष योजना, किसान समूहों द्वारा कृषि उपज के निर्यात का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन ग्राम पंचायत सचिव प्रीति तागड़े ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन रवीन्द्र राऊत ने किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सदस्य, कृषि विभाग के कर्मचारी और क्षेत्र के सैकड़ों किसान उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता के लिए नीलेश पेठे, सुनील गायकवाड़, केवल तुमडाम, केतन वानखेड़े और प्रशांत तागड़े ने अथक प्रयास किया।

# उत्तर वन परिक्षेत्र उमरेड में तेंदुए की मौत



**उमरेड.**

नागपुर प्रादेशिक वन विभाग के तहत उमरेड उत्तर वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत मटकाझरी उपवनक्षेत्र के वडद बीट कक्ष नंबर 317 पीएफ में वन्यप्राणी नर तेदुआ मृत अवस्था में मिलने से नागपुर प्रादेशिक वन विभाग के आला अधिकारी सख्ते में आ गये. नागपुर प्रादेशिक फॉरेस्ट क्षेत्र के तहत उमरेड वन विभाग क्षेत्र के अंतर्गत उमरेड दक्षिण वनक्षेत्र में इस पखवाड़े में मसाडा ग्राम शिवार के वनक्षेत्र में 4 वर्षीय नर तेंदुए की मौत हुईं तथा इसी उमरेड दक्षिण वनक्षेत्र के कवडसी बरड वनक्षेत्र में मादा तेंदुआ की मौत हुईं थी. अभी उमरेड उत्तर वनपरिक्षेत्र के वडद वनक्षेत्र में नर तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया. इस घटना से उमरेड वन विभाग में तेदुओं की मौत की घटनाओं का सिलसिला थमेत नजर नहीं आ रहा हैं. वन विभाग की जानकारी अनुसार उमरेड उत्तर वनविभाग के तहत मटकाझरी उपवन क्षेत्र के वडद बीट कक्ष नंबर 317 पीएफ में नर तेंदुआ मृत अवस्था में होने की जालकारी उमरेड उत्तर वन विभाग को मिली. सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मियों ने घटनास्थल पर जाकर मुआयना किया तथा इस घटना की सूचना नागपुर प्रादेशिक वन विभाग अधिकारी को दी.

व्याघ्र सवर्धन प्राधीकरण एनटीसीए की आधारभूत प्रणाली एसओपी के तहत सहायक वनसंरक्षक (जंकास-2) उमरेड के समक्ष डॉ. व्ही. एस. घनबहादूर पशुधन विकास अधिकारी (विस्तार) पंचायत समिति उमरेड, डॉ. आर.इ. मांडेकर पशुधन विकास अधिकारी मकरधोकड़ा तथा डॉ.जी.के. गभणे पशुधन विकास अधिकारी भिवापुर की टीम ने मृत तेंदूए का पंचनामा कर पोस्टमार्टम किया. मृत तेंदुए के शव का अंतिमसंस्कार भी किया गया. मृत तेंदुए की पिठ पर बड़ी जख्म होने से तेंदुए की मौत होने का प्राथमिक अंदेशा जताया जा रहा है. आगे की जांच डॉ. भारतसिंह हाडा, उपवनसंरक्षक नागपुर तथा मनोज धनविजय, सहायक वनसंरक्षक उमरेड के मार्गदर्शन में पी. डी. बाभले वनपरिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उमरेड कर रहे है. इस कार्रवाई में आर.एम. मेश्राम क्षेत्रसहायक मटकाझरी, एम. वनकर वनरक्षक वडद, कोंपले वनरक्षक फुकेश्वर, पेंदाम वनरक्षक नवरमारी, बकाणे वनरक्षक मटकाझरी का सहयोग रहा.

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 520 मामलों का किया फ़ैसला

## > 91 लाख 1 हजार 857 रुपए समझौता राशि वसूल की

**कामठी.**




तहसील विधि सेवा समिति कामठी के अंतर्गत दिवानी एवं फौजदारी न्यायालय कामठी में आज शनिवार 14 दिसंबर को पूर्व दायर एवं लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे तथा लंबित मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल दो पैनल रखे गये थे. दीवानी और फौजदारी जज एम.आर. कामत पैनल नंबर 1 में थे,जबकि जज एस.एस. जाधव पैनल नंबर 2 में थे और एड.रीना गणवीर पैनल एडवोकेट थीं.

इस लोक अदालत में कामठी कोर्ट से जानकारी मिली कि प्री-लिटिगेशन और दायर जैसे कुल 520 मामलों का सफलतापूर्वक निपटारा किया गया है. आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कामठी तालुका में लंबित मामलों में से 164 मामलों का निपटान किया गया, इस मामले में कुल 12 लाख 15 हजार 593 रुपये की वसूली की गई और प्री-लिटिगेशन मामले में बैंक, ग्राम पंचायत एवं भारतीय दूरसंचार निगम से कुल 2361 रुपये की वसूली की गई. जिसमें 356 प्रकरण निस्तारित कर 78 लाख 86 हजार रू 264 रुपये का समझौता शुल्क वसूला गया. लोक अदालत में ऐसे कुल 520 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा कर कुल 91 लाख 1 हजार 857 रुपये की वसूली की गयी. इस लोक अदालत की सफलता के लिए कामठी तालुका वकील संघ के सभी वकीलों, कोर्ट स्टाफ, पुलिस कर्मियों और पक्षकारों ने बहुत योगदान दिया.

# बच्चों संग मनाया शरद पवार का जन्मदिन



**कन्हान.**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार कन्हान शहर और पारशिवनी तालुका द्वारा मूकबधिर विद्यालय कांद्री में केक काटकर और बच्चों को बिस्कुट और फल वितरित करके राकांपा प्रमुख शरदचंद पवार का जन्मदिन मनाया गया.

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरदचंद्र पवार के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार 12 दिसंबर को नगरधन रोड, बोरडा स्थित अजनाबाई रंगारी मूकबधिर विद्यालय कांद्री में कन्हान शहर और पारशिवनी तालुका द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नागपुर जिला कार्यकारी अध्यक्ष किशोर बेलसरे की अध्यक्षता में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने केक काटा और छात्र-छात्राओं को बिस्किट व फल बांटे गए. इस मौके पर रामटेक विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष गणेश पानतावणे, पारशिवनी तालुकाध्यक्ष पुरणदास तांडेकर, कन्हान शहराध्यक्ष अभिषेक बेलसरे, ज्ञानेश्वर विघे, श्रीराम नांदुरकर, देविदास तडस आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजुद रहें.

कार्यक्रम के सगलतार्थ डॉ. कमलेश शर्मा, सतिश बेलसरे, संजय तिवसकर, विष्णु बेहरा, अमित बेलसरे, पवन पिल्ले, नयन गायकवाड, राहुल बारोंदे, आकाश वाघमारे सहित मुकबधिर विद्यालय की मुख्याध्यापिका, शिक्षिका और विद्यार्थियों ने सहकार्य किए.

# डॉ. नितिन राउत का किया सत्कार

## > नागपुर-चित्रकूट ट्रेन विस्तार की मांग



**नागपुर.**

उत्तर नागपुर के विधायक डॉ. नितिन राउत का निजामी संगठन द्वारा सम्मान किया गया। इस आयोजन की अगुवाई माजी नगरसेवक मंसूर खान ने की। कार्यक्रम के दौरान संगठन ने नागपुर और जिले में रहने वाले चित्रकूट धाम, अतर्रा बंदा, रागोल घाटमपुर के लोगों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि इन क्षेत्रों के निवासी बड़ी संख्या में नागपुर और आसपास के इलाकों में रहते हैं, लेकिन इन क्षेत्रों तक सीधे ट्रेन सेवा उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें कई बार ट्रेन बदलकर यात्रा करनी पड़ती है। यह 14 घंटे के सफर को 25-26 घंटे लंबा कर देता है और यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। संगठन ने मांग की है कि इतवारी से रीवा तक चलने वाली ट्रेन का विस्तार सतना के रास्ते चित्रकूट धाम, बंदा, रागोल घाटमपुर होते हुए कानपुर तक किया जाए। यह कदम न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि उन मरीजों को भी लाभ पहुंचाएगा जो इलाज के लिए नागपुर आते हैं। इस अवसर पर बदरुद्दीन, इसराइल, शैलेश, सलीम, रियाजउद्दीन, सचिन, वली मोहम्मद, राजा, सोहेल समेत संगठन के अन्य प्रमुख सदस्य भी उपस्थित थे।

# समाज को मजबूत करने का लिया संकल्प

**कामठी.**



रणाला में ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति की सदस्या नीलम राजकुमारसिंह बघेल की सुपुत्री आंचल राजकुमारसिंह बघेल के जन्मदिन पर आपसी मतभेद भुलाकर सामाजिक व धार्मिक कार्यों में आगे आने की अपील की गई.

इस मौके पर समाज के लोगों ने समाज को एकजुट व मजबूत करने का संकल्प भी लिया. कार्यक्रम दौरान कहा गया कि युवाओं के आगे आने से बड़ा बदलाव होगा. इस अवसर पर ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति के मानद सचिव व उपसंपादक सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी, ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय, पायल सुमित सिंधिया पाण्डेय, राजकुमारसिंह बघेल, राहुल सिंधिया पाण्डेय, वीणा नंदी, सीमा सिंह, अमन सिंह, अंकुश सिंह, श्रुति सौमित्र नंदी आदि प्रमुखता से मौजुद रहें.

# शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा ने रचा इतिहास

**सौंसर.**



शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा द्वारा राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता शासकीय महाविद्यालय बालाघाट में आयोजित हुई। जिसमें शासकीय महाविद्यालय लोधीखेड़ा के पांच छात्रों ने भाग लिया। जिसमें गिरजेश भलावी ने 800 मीटर दौड़ में संभाग स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया । गिरजेश द्वारा 1500 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ के फाइनल में जगह बनाई। साथ ही अन्य छात्रो में सुरेश बेटे ने भाला फेंक में चतुर्थ स्थान,रविंद्र बन ,हर्षल मानापुरे एवं विदित मर्सकोले ने गोला फेक,चक्ति फेक एवं ट्रिपल जंप में कड़ी चुनौती देते हुए लोधीखेड़ा महाविद्यालय का परचम लहराया। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी सोहन सिंह धुर्वे के प्रशिक्षण एवं डॉ विजयश्री बागड़े द्वारा सतत प्रेरित मार्गदर्शन में प्राचार्य अमोल पाटिल एवं महाविद्यालय परिवार ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया ।

# संजय उत्तमराव देशमुख नाम का कोई और व्यक्ति होगा!

## सांसद संजय देशमुख जनसंघर्ष अर्बन निधि लि. में करोड़ो की हेराफेरी से मचा बवाल!

**जुबैर हबीब खान.दिग्रस।**




यवतमाल जिले में जनसंघर्ष अर्बन निधि लीमिटेड की विभिन्न शहरों की 7 शाखाओं में करोड़ों रुपयों का अपहार होने से जमाकर्ता और खातेदारों पर एक बड़ा आर्थिक संकट टूट पड़ा है. नौबत यहां तक आन पड़ी है कि संचालक मंडल की सूची भी अब फर्जी साबित हो रही है. दिग्रस सहित पुसद, दारव्हा,नेर,आरणी, मानोरा और कारंजा की कुल 7 शाखाओं में हजारों खातेदार और जमाकर्ताओं ने पाई पाई जोड़ कर जनसघर्ष निधि में पैसा जमाया था. 12 परसेंट कमीशन और पांच साल में दुगनी राशि के छलावे में आकर आम और खास लोगों जनसंघर्ष अर्बन निधि लिमिटेड पर भरोसा किया था. जनसंघर्ष अर्बन निधि पर भरोसा करने का एक और कारण जनसंघर्ष अर्बन निधि के सर्वे सर्वा प्रणीत मोरे के नाम का कथित दबदबा था जो उसने अपने पैसों और राजनीति में सक्रियता के दम पर कमाया था.

इसके अलावा जनसंघर्ष अर्बन निधि लिमिटेड की विभिन्न शाखाओं में संचालक मंडल में शामिल विभिन्न शहरों की नामवर हस्तियों के नाम थे. जिनको देख कर लोग इसकी विश्वसनीयता को लेकर आश्वस्त हो गए थे.

**सांसद संजय देशमुख का खंडन!** हाल ही में जब जनसंघर्ष अर्बन निधि लिमिटेड का करोड़ो रुपयों के आपहार का कच्चा चिट्ठा उजागर हुआ तो संजय देशमुख का नाम संचालक मंडल में होने से क़ई तरह की चर्चाएं भी उठने लगी. ऐसे में संसद संजय देशमुख ने न सिर्फ दिग्रस पुलिस में इस बाबत शिकायत दर्ज कराई बल्कि खुद सामने आकर खंडन भी किया है. सांसद संजय देशमुख के मुताबिक जनसघर्ष अर्बन निधि से उसके संचालक मंडल से उनका कोई लेना देना नही है संजय उत्तमराव देशमुख नामक किसी अन्य व्यक्ति का वह नाम हो सकता है. इस आशय का उन्होंने खंडन किया है. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने क़ई लोगों को जनसघर्ष में पैसा जमा न करने की भी हिदायत दी थी लेकिन लोगों ने 12 परसेंट कमीशन के लालच में आकर पैसा जमा किया. बहरहाल बकौल सांसद संजय देशमुख के जनसंघर्ष अर्बन निधि लिमिटेड से उनका किसी तरह का कोई लेना देना नही है.

**क्या यह सवाल लाजमी नही ?**

सूत्रों के अनुसार विभिन्न शाखाओं के जनसघर्ष के कमर्चारियों सहित संबंधित संचालक मंडल ने इसी तर्ज की शिकायत पुलीस में देते हुए स्पष्ट किया कि, जनसंघर्ष अर्बन निधि में हुई अफरा तफरी से उनका कोई संबंध नही है. लेकिन यहाँ संचालक मंडल को लेकर एक सवाल खड़े होता है. पिछले कुछ सालों से विभिन्न शाखाओं में संचालक मंडल का बोर्ड (सूची) लगा हुए थे जो जगजाहिर थे फिर उस वक़्त किसीने कोई अप्पति दर्ज क्यों नही की जब सब कुछ ठीक चल रहा था प्रणीत मोरे एंड कंपनी के नाम का डंका बज रहा था चारो तरफ साहेब की हवा थी तब कथित रूप से संचालक मंडल में शामिल कुछ लोग इस सूची में लिखे गए अपने नाम को लेकर खूब इतरा रहे थे कुछ तो मन ही मन खुद को हाई प्रोफाइल व्यक्तित्व समझ रहे थे. लेकिन जैसे ही जनसंघर्ष की कश्ती गोते खाने लगी तब एक एक कर के चुप चाप क़ई लोग कश्ती से कूद गए.

# मुख्यमंत्री फडणवीस का नागपुर आगमन पर स्वागत

**कामठी.**





महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनने के बाद आज रविवार को प्रातः 11 बजे देवेन्द्र फडणवीस का पहली बार डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन होने पर बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच की संस्थापक एवं पूर्व राज्य मंत्री एडवोकेट सुलेखा कुंभारे के हस्ते मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का शॉल और तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति देकर स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा. यह जानकारी बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच की नागपुर शहर अध्यक्ष व मनपा पूर्व सभापति वंदना भगत ने दी.

इस अवसर पर बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच के विदर्भ महासचिव व नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष अजय कदम, नागपुर जिला अध्यक्ष संदीपदादा कांबले, दीपक सिरिया, विष्णु ठवरे, महेंद्र थुल, अरविंद वालके, रवि रंगारी, विलास चंदनखेड़े, नरेंद्र चव्हाण, उदास बंसोड़, सुभाष सोमकुवर, दीपांकर गणवीर, चंदू लांजेवार, विलास बंसोड़, अशफाक कुरेशी, अंकुश बम्बोर्डे, अनुभव पाटिल, मनीष डोंगरे, नंदा गोडघाटे, सावला सिंगाडे, विशाखा गेडाम, रजनी गजभिए, उषा भावे, रेखा पाटिल, प्रसिद्धि प्रमुख सुशील तायड़े आदि बहुजन रिपब्लिकन एकता मंच के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं द्वारा भी स्वागत किया जाएगा.

# आज और कल शाहू समाज का 29वां आदर्श सामूहिक विवाह समारोह

नागपुर.

शाहू समाज कल्याण सोसायटी, नागपुर द्वारा 29वें आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन आगामी 15 और 16 फरवरी 2025 को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मानेवाडा बेसा रोड स्थित शाहू समाज सेलिब्रेशन लॉन में होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार, 15 फरवरी 2025 को दोपहर 1 बजे सम्माननीय अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ होगी। इस दिन वधु पक्ष के वैवाहिक अनुष्ठान, जैसे स्तंभ रोपण, तेल मायन आदि विधि-विधान के साथ सम्पन्न किए जाएंगे। शाम 5 बजे विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसके बाद बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

रविवार, 16 फरवरी 2025 को सुबह 9:30 बजे वृंदावन लॉन, शाहू नगर, मानेवाडा से बैंड-बाजों के साथ बारात निकाली जाएगी। यह बारात शाहू समाज सेलिब्रेशन लॉन, मानेवाडा, बेसा रोड पहुंचेगी। इसके बाद वर-वधु के समधि मिलन और द्वारचार की रस्में होंगी। प्रमुख पुरोहितों की उपस्थिति में वर-वधु जयमाला के बाद पूरे वैदिक विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लेंगे। इस आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए पूर्व महापौर पंडित दयाशंकर तिवारी भी उपस्थित रहेंगे।

दोनों दिन अतिथियों के लिए समाज की ओर से स्वरुचि भोज की व्यवस्था की गई है। 16 फरवरी को दोपहर भोज के साथ फुट-जूस की विशेष व्यवस्था भी रहेगी।

शाहू समाज कल्याण सोसायटी की कार्यकारिणी ने इस आयोजन की सफलता के लिए कई बैठकों और सभाओं के माध्यम से तैयारियां की हैं। आयोजन समिति के मुख्य पदाधिकारी और सदस्य पूरी मेहनत से कार्यरत हैं।

कार्यक्रम में योगदान देने वाले प्रमुख सदस्यों में कार्याध्यक्ष उमेश नंदलाल शाहू, अध्यक्ष अरुण इंदरचंद शाहू, उपाध्यक्ष बैजनाथ रामसमुझ शाहू, सचिव दिनेश नंदलाल शाहू और अन्य कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं।

शाहू समाज के इस सामूहिक विवाह समारोह में सभी समाज बंधुओं से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई है।

# नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान

**सौंसर.** नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत चलाये जा रहे सहयोग अभियान में नगरीय क्षेत्र में सभी नागरिकों को वार्ड 9 में स्थित 3आर सेंटर को प्रचार-प्रसार माध्यम से अवगत कराया जा रहा हैं। वर्चुअल क्रिस्टल मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड टीम द्वारा नागरिकों को गरम कपड़े, कंबल, दस्ताने, मोज़े जूते, चप्पल, किताबें, खिलौने जैसी वस्तुएँ दान देकर जरुरत मंदो के उपयोग में आ सकती हैं, बताया जा रहा हैं। को नगर पालिका परिषद सौंसर कार्यालय में वार्ड क्रमांक 10 निवासी, आनंद झरिया द्वारा 4 बोरी अच्छे और उपयोगी कपड़े जरूरतमंदो के लिए नपा पार्षद वार्ड क्र. 14 प्रशांत ठाकरे, सहायक स्वच्छता नोडल सचिन बोबड़े, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक मनोज बाविस्टाले व नपा कर्मचारी नरेन्द्र रंगारे, नामदेव परतेती, दिवाकर काले आदि की उपस्थित में प्रदाय किये गए हैं। उनके इस सहयोग के लिए नपा अध्यक्षा सुरेखा इंदरचंद डागा व मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवार द्वारा सराहना की गई हैं.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 190-0 | 134-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 479-0 | 237-2 |
| प्रभात | 160-7 | 146-1 |
| प्रभात नाईट | - | - |
| डायमंड | 239-4 | 149-4 |
| मेन बाजार | - | - |
| मिलन डे | 668-0 | 799-5 |
| मेन रतन | 550-0 | 447-5 |
| कल्याण | 667-9 | 378-8 |
| राजधानी डे | 134-8 | 146-1 |
| राजधानी नाईट | - | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 349-6 | 570-2 |

# रेलवे में दिव्यांगजनों के लिए रियायत कार्ड की प्रक्रिया शुरू

## > निःशक्तता व मूल रेलवे कंसेशन प्रमाणपत्र की आवश्यकता

**गोंदिया.**

रेल प्रशासन द्वारा दिव्यांगजनों को रेल यातायात के दौरान रेलवे रियायत देने के लिए रियायत कार्ड जारी किया जाता है. रियायत कार्ड जारी करने के संबंधित शासकीय चिकित्सक द्वारा दिव्यांग व्यक्ति के निःशक्तता प्रमाणपत्र व मूल रेलवे कंसेशन प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है.

इस प्रमाणपत्र के सत्यापन में विलंब होने के कारण रेलवे द्वारा रियायत पहचान पत्र जारी करने में विलंब होता है जिसके कारण दिव्यांगजनों को इस रियायत का लाभ लेने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है इसके मद्देनजर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा समय-समय पर रेलवे स्टेशनों में शिविर के माध्यम से इस प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रयास किया जाता है.



### आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापन में शीघ्रता आएगी

रियायत कार्ड जारी करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सत्यापन में शीघ्रता आएगी और जल्द कार्ड जारी किया जा सकेगा. यात्री अपनी दिव्यांगजन कार्ड के लिए उपरोक्त वेब साइट पर आवेदन कर सकते हैं और आवश्यक दस्तावेज वेबसाइट पर अपलोड कर सकते हैं. वहीं रेलवे कंसेशन कार्ड प्राप्त करने के लिए दिव्यांगजनों शारीरिक रूप से कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता कम हो जाएगी तथा लंबी लाइन पूरी तरह समाप्त हो जाएगी और दिव्यांगजन अपना रियायत आई कार्ड भी डाउनलोड कर सकते हैं. इससे काउंटर या आईआरसीटीसी के माध्यम से ऑनलाइन टिकट बुकिंग की सुविधा शामिल है.

इसी कड़ी में अब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी दिव्यांगजनों को रेल यातायात के दौरान रेलवे रियायत के लिए आवेदन व कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाने के लिए तत्काल प्रभाव से दिव्यांग यात्रियों के लिए एक समर्पित वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन कर दिया गया है. इस प्रक्रिया के प्रारंभ होने से मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी दिव्यांगजनों को रियायत कार्ड अतिशीघ्र जारी करना संभव हुआ है. यह पहल रेलवे की समावेशिता के प्रति व्यापक प्रतिबद्धता का हिस्सा है. इस ऑनलाइन प्रक्रिया से रेलवे कंसेशन प्राप्त करने के लिए दिव्यांगजनों को रेलवे के कार्यालय में उपस्थित नहीं होना पड़ेगा.

# मानसी गाठे को मिला राष्ट्रीय स्पर्धा में रजत पदक



**हिंगनघाट.** 12 से 17 तक लुधियाना (पंजाब) में आयोजित राष्ट्रीय शालेय ज्युदो स्पर्धा में भारत विद्यालय हिंगनघाट की 19 वर्षीया कुमारी मानसी राजेंद्र गाठे ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए 36 किलो वजन वर्ग में रजत पदक प्राप्त किया। सत्र 2023-24 में मानसी गाठे को सुवर्ण पदक प्राप्त हुआ था, लेकिन इस बार उसने स्वर्ण पदक से चूकने के बावजूद रौप्य पदक पर कब्जा जमाया। मानसी ने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के साथ यह उपलब्धि प्राप्त की, और अपने प्रयासों में कोई कमी नहीं छोड़ी। इस सफलता पर प्रोग्रेसिव एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष गोकुलदास राठी, सचिव रमेश धारकर, उपाध्यक्ष श्याम भाऊ भिमनवार, शाला के मुख्याध्यापक राजूजी कारवटकर, उपमुख्याध्यापक भट्टड, क्रीड़ा विभाग प्रमुख विनोद कोसुरकर, क्रीड़ाशिक्षक संदीप चांभारे, कु. संजना चौधरी, और शाला के सभी कर्मचारी, साथ ही वर्धा जिला ज्युदो एसोसिएशन के सचिव सेन्साई प्रकाश पवार, जीवन कामडी, योगेश देवगिरकर, गौरव कामडी, तिलक राणे इत्यादि ने मानसी गाठे को अभिनंदन दिया और उसे भविष्य में और सफलता की शुभकामनाएं दी।

# सिर्फ 579 किसानों ने निकाला फसल बीमा

## रबी सीजन की फसल बीमा से किसानों ने मोड़ा मुंह

**गोंदिया.**

रबी सीजन के लिए फसल बीमा की समय सीमा 15 दिसंबर तक है और अब तक जिले के केवल 579 किसानों ने ही फसल बीमा कराया है. इसलिए लग रहा है कि किसानों ने रबी में फसल बीमा लेने से मुंह मोड़ लिया है. किसानों ने इस वर्ष जिले में 50 हजार हेक्टेयर में विभिन्न रबी फसल लगाने की योजना बनाई है. सबसे बड़ा क्षेत्रफल 25 हजार हेक्टेयर धान का है. इस साल जिले में औसत की 109 प्रश. बारिश हुई. अतः सिंचाई परियोजनाओं में भी पर्याप्त जल भण्डार है. जिससे किसानों को रबी उपज खरीदने में कोई परेशानी नहीं होगी. तो वहीं किसानों ने भी इस संबंध में योजना बना ली है. खरीफ सीजन में धान की कटाई और चुराई जल्दी पूरी हो चुकी है.

और किसान रबी की तैयारी में जुट गया है. पिछले साल भी 40 हजार हेक्टेयर में रबी धान की खेती हुई थी. धान का उत्पादन भी भरपूर हुआ. खरीफ सीजन के दौरान किसानों की फसल नके नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 1 रु. की फसल बीमा योजना लागू की गई थी. यही योजना रबी सीजन के लिए लागू की गई है. बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से फसल क्षति की स्थिति में किसानों को मुआवजा देने के लिए फसल बीमा योजना लागू की गई है. इस योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर तक है, अब तक जिले के सिर्फ 579 किसानों ने ही फसल बीमा कराया है, जबकि बड़ी संख्या में किसान अभी भी शेष हैं. फसल बीमा कराने के लिए सिर्फ दो दिन बचे हैं और अब तक सिर्फ 579 किसानों ने ही फसल बीमा कराया है, बाकी किसानों ने फसल बीमा से मुंह मोड़ लिया है. अब तक 70 प्रश. रबी की बुआई इस वर्ष रबी सीजन में जिले में 43 हजार हेक्टेयर में धान व अन्य फसलें लगाई जाएंगी. कृषि विभाग ने इसके लिए योजना बनाई है. कृषि विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक अब तक 70 प्रश. बुआई पूरी हो चुकी है. पोर्टल पर किया जा सकता है आवेदन गैर-कर्जदार किसान अधिकृत बैंक या सामान्य सेवा केंद्र में या सरकारी पोर्टल की मदद से 7/12, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और फसल बुआई की स्व-घोषणा की सहायता से आवेदन कर सकते हैं.

# आरोपी पर राष्ट्रीय सुरक्षा के अंतर्गत कार्रवाई की जाए

**हिंगनघाट.**

परभणी शहर के भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के पुतले के नजदीक संविधान प्रतिकृती की समाज कंटक ने तोडफोड करके विटंबना करने के निषेधार्थ वंचित बहुजन आघाडी हिंगणघाट तालुका व शहर कमेटी ने मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र शासन, मुंबई, मार्फत थानेदार साहेब, पुलीस स्टेशन हिंगनघाट, जिल्हा वर्धा को ज्ञापन सौंपा।

परभणी में जातीयवादी समाज कंटको ने बाबासाहेब के पुतले के पास भारतीय संविधान की तोडफोड की। ये बात अत्यंत लजास्पद और निषेधार्ह है। बाबासाहेब के पुतले या दलित अस्मिता के प्रतिक की ऐसी तोडफोड या विटंबना होने की ये पहली घटना नही। पोलिस ने घटे घटने की जांच करके, कोंबींग ऑपरेशन के नाम पर



जनता के सहनशील का अंत ना देखे।

संविधान का अपमान करने वाले को, उसे समते का तत्व अमान्य है, इस घटना से यही दिखाई देता है। संबंधित आरोपी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कायदा अंतर्गत कार्रवाई की जाए और इस नियोजित षड्यंत्र के पीछे के मूल सूत्रधार को पुलिस ने ढूंढने की मांग की गई।

वंचित बहुजन आघाडी के हिंगनघाट शहर अध्यक्ष रवि कांबले व हिंगनघाट तहसील अध्यक्ष विवेक कांबले के नेतृत्व में ये ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन पर मंगलाताई कांबले जिलाध्यक्ष, वंचित बहुजन महिला आघाडी), अशोक रामटेके (ज्येष्ठ नेते), आतिश दिवे, सिद्धार्थ जामनकर, अश्वजीत भगत, लोमेश बोबडे, प्रभाकर सुखदेवे, आनंद जनबंधू, इत्यादी की स्वाक्षऱ्या है।

# धान मलनी के लिए नहीं मिल रहे मजदूर

**गोंदिया.** गुलाबी ठंड ने अपना जलवा दिखाना आरंभ कर दिया है वहीं जिले के किसान खेतों में खरीफ की कटी हुई धान खरीफ की मलनी कर रहे हैं. इसके लिए किसान दिनभर खेत-खलिहानों में व्यस्त नजर आ रहे हैं.

किसानों की चार माह पहले की गई मेहनत की कमाई अब खलिहान तक पहुंचने लगी है. लेकिन धान की मलनी के लिए मजदूर नही मिल रहे हैं. मशीनों से धान की मलनी का कार्य महंगा होते जा रहा है.

मजदूर नहीं मिलने और मशीनों से लागत अधिक आने के चलते किसान काफी परेशान है. इधर खेतों में धान गंजी खड़ी पड़ी है. साधन संपन्न किसानों ने धान फसल की मलनी का कार्य शुरू कर दिया है. मजदूर नहीं मिलने के कारण किसानों को मशीन का सहारा लेना पड़ रहा है. अधिकांश किसान धान की मलनी के लिए हार्वेस्टर और थ्रेसर मशीन का उपयोग कर रहे हैं. लेकिन किसानों को इस कार्य में लागत अधिक आ रही है.

# डिजिटल पेमेंट का चलन, एटीएम वीरान

## ग्राहकों को मिल रही बेहतर सेवा

**गोंदिया.**

बैंकों में बढ़ती भीड़ कम करने तथा ग्राहकों को बेहतर सुविधा देने के लिए जगह-जगह एटीएम मशीन लगाई गई है. लेकिन टेक्नोलॉजी में हो रहे निरंतर बदलाव व सुविधा के चलते आज एटीएम सेंटर खाली पड़े हैं. एक समय था की एटीएम सेंटर पर रु. निकालने के लिए दिनभर चहल-पहल रहती थी. लेकिन आज एटीएम सेंटर वीरान पड़े हैं. विभिन्न राष्ट्रीय बैंक व निजी बैंक द्वारा शहर व जिले में प्रमुख जगह पर एटीएम मशीन लगाई गई है. कुछ मशीनें बैंक परिसर में तो कुछ प्रमुख मार्ग पर हैं. करीब 25 वर्ष पूर्व यह सेवा शुरू की गई. शुरू के दौर में बैंक परिसर में एटीएम मशीनें लगाई गई. एटीएम की संख्या कम होने के कारण रु. निकालने के लिए नागरिकों को एटीएम की खोज में यहां-वहां जाना पड़ता था. लेकिन सन 2,000 के बाद बैंकों ने एटीएम की संख्या बढ़ाना शुरू किया. वर्तमान में गोंदिया शहर व परिसर में 60 के आसपास एटीएम है.

वहीं जिले में एटीएम सेंटर की संख्या 200 के करीब है. शहर के साथ ग्रामीण क्षेत्र में एटीएम मशीनें लगाने के कारण रु. निकालने के लिए बैंकों में होने वाली भीड़ पर अंकुश लग गया है. इससे बैंकों के कामकाज में तेजी आ गई. केवल चेक के व्यवहार व रु. जमा करने तथा पासबुक अपडेट करने के लिए बैंकों में ग्राहक आने लगे. इसके बाद बैंकों ने अपने परिसर में नई तकनीक की एटीएम मशीनें लगाई. जिससे पासबुक अपडेट करना व रु. जमा करने की सुविधा भी ग्राहकों को प्रदान होने लगी है.

### अधिकांश व्यापार हो रहे डिजिटल

**सरकार ने डिजिटल पेमेंट पर बीते कुछ वर्षों में जोर दिया है. डिजिटल पेमेंट की सुविधा सभी के लिए सरल होने के कारण आज डिजिटल पेमेंट का चलन बढ़ता जा रहा है. 10 रु. से लेकर 40 हजार रु. के व्यवहार डिजिटल के माध्यम से होने के साथ यह सुविधा दुकान से लेकर मोबाइल के कारण वर्तमान में अधिकांश व्यवहार इसी माध्यम से हो रहे हैं. परिणामवश नागरिक जेब में कम कैश रखने लगे हैं. इसका असर एटीएम पर भी हो रहा है. अब सभी व्यवहार ऑनलाइन होने से एटीएम से रु. निकालने वालों की संख्या कम हुई है. जिससे अधिकांश एटीएम खाली खाली नजर आते हैं.**

# फुटबॉल में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**गोंदिया.** सिंधु फुटबॉल क्लब, जिसने पिछले 25 वर्षों से फुटबॉल खेल के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है, ने अपनी परंपरा को जारी रखते हुए इस वर्ष भी एक भव्य दोस्ताना फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों के बीच खेल भावना को बढ़ावा देना और फुटबॉल के प्रति युवाओं में उत्साह उत्पन्न करना था. इस वर्ष की प्रतियोगिता में शहर के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया. खिलाड़ियों ने न केवल अपने कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि अपनी खेल भावना और टीम वर्क का भी परिचय दिया. सिंधु फुटबॉल क्लब पिछले 25 वर्षों से न केवल गोंदिया बल्कि पूरे क्षेत्र में फुटबॉल के विकास और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए समर्पित है. क्लब ने इस प्रतियोगिता के माध्यम से खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का कार्य किया है. क्लब के आयोजकों ने बताया कि इस तरह के आयोजन से युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का अवसर मिलता है. साथ ही गोंदिया के नागरिकों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया. सिंधु फुटबॉल क्लब ने घोषणा की कि भविष्य में वे इस तरह के आयोजनों की संख्या बढ़ाने और अधिक से अधिक खिलाड़ियों को जोड़ने का प्रयास करेंगे. क्लब का उद्देश्य फुटबॉल को एक लोकप्रिय खेल के रूप में गोंदिया और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ावा देना है.

# प्रशासन की अनदेखी से यात्री प्रतीक्षालय जर्जर

**गोंदिया.** ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने रापनि की बस ही सबसे अच्छा साधन है और जहां खड़े होकर बस का इंतजार किया जाता है लेकिन वहां प्रतीक्षालय जैसी सुविधा न हो तब परेशानी बढ़ जाती है. विभिन्न स्थानों पर बने यात्री प्रतीक्षालय न केवल अनदेखी के चलते दुर्दशा की स्थिति में आ गए हैं बल्कि इनमें से कुछ पर कब्जे भी होने लगे हैं. किसी ने दुकान सजा ली है तो कोई वाहनों के स्टैंड के रूप में उपयोग हो रहा है. इससे यात्रियों को खुले आसमान के नीचे खड़े रहकर वाहनों का इंतजार करना पड़ रहा है. बारिश, गर्मी व ठंड के दिनों में यात्रियों को परेशानी हो रही है. सड़क के किनारे लोगों के खड़े और बैठे रहने के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है. एसटी के बसों के ठहरने के लिए बनाए गए ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे-छोटे बस स्टॉप बदहाली में पहुंच गए हैं. गांव-गांव में बने बस स्टॉप पर प्रतीक्षालय अव्यवस्थाओं की मार झेल रहे हैं. ऐसे कई प्रतीक्षालय हैं जहां पर यात्रियों को बैठना तो दूर, खड़े होने की भी जगह नहीं है. कई सालों से इनका मेंटेनेंस तक नहीं कराया है.

# प्रशिक्षुओं को स्थायी सेवा में शामिल करें

## > तहसीलदार, विधायक के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन

**सड़क अर्जुनी.**

सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने और सरकार की योजना का लाभ सभी घटकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से छह माह पूर्व मुख्यमंत्री युवा प्रशिक्षु का चयन किया गया था. पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग जैसे विभिन्न विभागों में युवक-युवतियों का चयन किया गया. मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत दिए गए प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद उन्हें उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार स्थायी आधार पर सरकारी सेवा में शामिल किया जाना चाहिए. इस मांग को लेकर सड़क अर्जुनी तहसील के मुख्यमंत्री युवा प्रशिक्षुओं ने पंचायत समिति के गुटविकास अधिकारी, तहसीलदार और विधायक के माध्यम से राज्य के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा. सरकार द्वारा छह माह पूर्व राज्य स्तर पर शुरू की गई मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना के तहत विभिन्न योजनाओं की जानकारी गांवों तक पहुंचे और आम नागरिकों को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो.

इसके लिए उनका चयन 10 हजार रु. के वेतन पर किया गया. मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षणार्थियों ने योजना की निर्धारित अवधि के अंदर चयनित प्रतिष्ठान पर प्रशिक्षण पूर्ण किया. प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें सरकारी कामकाज के विभिन्न पहलुओं पर गहन मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ है.

साथ ही योजना के माध्यम से प्रशिक्षुओं को सरकार की कार्यप्रणाली को समझने में भी कोई कठिनाई नहीं हुई. इसलिए शैक्षणिक योग्यता के अनुसार स्थाई तौर पर सरकारी सेवा में शामिल करें.

आने वाले समय में सभी युवा प्रशिक्षुओं को महाराष्ट्र राज्य की प्रगति में उत्कृष्ट योगदान से निश्चित रूप से लाभ मिलेगा और उक्त प्रशिक्षुओं की सभी मांगों को महाराष्ट्र सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाए.



### प्रमाणपत्र देकर सेवा भर्ती में शामिल करने की मांग

**मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना के तहत योजना में शामिल हुए सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र देकर बिना किसी शर्त के सीधे सेवा भर्ती में शामिल किया जाए. इस तरह की मांग का ज्ञापन मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षु संघ की ओर से सड़क अर्जुनी गुटविकास अधिकारी सानप, तहसीलदार नीलेश काले और विधायक राजकुमार बडोले के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया. इस अवसर पर तहसील संगठन के अध्यक्ष जगदीप शहारे, रंजीत पारधी, प्रीतम गोबाडे, पवन झिंगरे आदि उपस्थित थे.**

# आंगनबाड़ी के बच्चों का भविष्य खतरे में

**गोंदिया.** गोंदिया पंचायत समिति अंतर्गत किडंगीपार (डोंगरगांव) में बनाई गई आंगनवाड़ी की इमारत में दरारें पड़ जाने से भवन निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है. किडंगीपार की आंगनवाड़ी क्र.1 की इमारत जो चार वर्षों पूर्व किडंगीपार-पार्टीबांध के नाले के किनारे बनाई गई है, इस भवन के पुरे परिसर में गोबर खाद के गड्ढे हैं जहां बरसात के समय सांप, बिच्छू, गोम (कनखजुरा) जैसे किटनाशक जीव-जंतुओं का प्रकोप बना रहता है. वैसे ही बरसात में गंदा पानी भरने से बच्चों को संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडराते रहता है. इस आंगनवाड़ी भवन के प्रवेश द्वार से बारिश के दिनों में पानी बहने से बच्चों को भवन में जाने के लिए रास्ता भी नहीं है. भवन के पास सोख गढ्ढा बनाया गया है जिसमें पानी भरा हुआ है. इमारत में विद्युत का मीटर लगा हुआ है जिसका बिल भी प्रतिमाह आता है लेकिन आंगनवाड़ी में विद्युत आपूर्ति शुरू रहने की बजाय अंधकार ही छाया रहता है. स्वच्छ पेयजल के लिए भवन में पानी की टंकी लगाई गई है, लेकिन तीन वर्षों में पानी की टंकी में एक बूंद भी पानी नहीं पहुंच पाया है. छोटे-छोटे बच्चे बोरवेल का अशुद्ध पानी पीने को मजबूर है.

# वर्षों से उपेक्षित है जमींदारों का सावंगी

## > संबंधित विभाग कर रहा अनदेखी

### > सड़कों पर गड्ढों की भरमार

**सालेकसा.**

सालेकसा थाने के तहत जमींदारों का गांव सावंगी आज भी सड़कों की बदहाली से नागरिक बुरी तरह से त्रस्त है. आमगांव से महज 3 किमी. तथा सालेकसा से 13 किमी. की दूरी पर बसे इस सावंगी गांव की दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति दयनीय हो गई है. इस गांव के दोनों ओर से बाघ नदी बहती है. नदी के घिरे होने से तथा भौगोलिक दृष्टि से यह गांव सालेकसा तहसील में होना था लेकिन ऐसा न होकर यह गांव आमगांव तहसील में समाविष्ट कर दिया गया है. इस गांव के नागरिकों को पंचायत समिति तथा तहसील कार्यालय के कार्यों के लिए आमगांव जाना पड़ता है.

जबकि पुलिस थाना से संबंधित कार्यों के लिए सालेकसा जाना पड़ता है. एक समय जमींदारों का गांव सावंगी पुरे जिले में नाम रोशन हुआ करता था. वही आज इस तरह सावंगी गांव के नाम से समूचे जिले में प्रख्यात सावंगी के लोग राजनेताओं की उपेक्षात्मक रवैया व अधिकारियों की अनदेखी का शिकार होकर अपनी किस्मत पर आंसू बहा रहे हैं.

इस गांव से निकलने के लिए चारों दिशाएं की ओर रास्ते हैं. वहीं इस गांव के नागरिकों के लिए प्रमुख रोड खराब हो गई है. इस गांव में जाने के लिए झालिया-सावंगी मार्ग, साकरीटोला मार्ग तथा पिपरटोला मार्ग वर्षों से जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार होकर बदहाल हो गई है.

3 किमी. की लंबाई वाले यहां तीनों रास्ते महज बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील होकर रास्तों में अवशेष ही नजर आ रहे हैं. इन मार्गों पर 10 वर्ष पहले मरम्मत के जो कार्य हुए थे, उसके पश्चात किसी भी प्रकार से इसकी ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया है. परिणामस्वरुप इन रास्तों की हालत बेहद खराब हो गई है.

# मनरेगा खर्च के लिए निधि अटकी

## > मोबाइल से निकाल रहे मस्टर

**गोंदिया.**

महाराष्ट्र ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के पंचायत समिति स्तर पर कार्यालय खर्च के लिए सरकार द्वारा निधि उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण रोजगार गारंटी योजना के तहत काम करने वाले मजदूरों का मस्टर निकालना मुश्किल हो रहा है. फिलहाल कर्मचारी मस्टर निकालने के लिए कम्प्यूटर का उपयोग करने के बजाय अपने मोबाइल फोन से ही मस्टर निकाल रहे हैं.

रोजगार गारंटी योजना के कार्य में बाधा आ रही है, इस पर तत्काल ध्यान दिया जाए तथा राशि उपलब्ध कराई जाए. ऐसी मांग पूर्व जिप सदस्य गंगाधर परशुरामकर ने प्रभारी मनरेगा आयुक्त रविंद्र ठाकरे से की.

रोजगार गारंटी योजना निरंतर जारी है. केंद्र सरकार की नीति के कारण इस योजना के माध्यम से 262 कार्य किए जा सकते हैं. इससे गांव का विकास हो सकेगा.



### योजना पर असर पड़ने की संभावना

इस योजना के माध्यम से हर बारह महीने काम चल रहा है. गांव के किसानों और खेतिहर मजदूरों को गांव में ही काम मिल जाता है. इस योजना के माध्यम से व्यक्तिगत व स्वीकृत मुख्य कार्यों के साथ-साथ घरेलू कार्य भी किए जाते हैं. इन सभी कार्यों को करने वाले मजदूरों का मस्टर पंचायत समिति से लिया जाता है. लेकिन अब इस योजना पर ग्रहण लगता दिख रहा है.

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमारी का औचक दौरा

## > डॉ. गोल्हार ने दिये बेहतर सुविधाओं के निर्देश

**गोंदिया.**

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. अभिजीत गोल्हार ने गोंदिया तहसील के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमारी का औचक दौरा किया और क्षयरोग व कुष्ठरोग के साथ ही 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा की. उनके साथ क्षयरोग विभाग के वैद्यकीय अधिकारी डा. वेद प्रकाश चौरागडे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमारी के चिकित्सा अधिकारी डा. शहजादा राजा के साथ ही स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे. भेंट के दौरान डा. गोल्हार ने आरोग्यवर्धिनी केंद्र खमारी के प्रयोगशाला, आंतररोगी वार्ड, औषधि संग्रह केंद्र आदि का निरीक्षण किया और चिकित्सा अधिकारी को लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दृष्टि से इसमें सुधार करने के



निर्देश दिए. फील्ड स्टाफ द्वारा ग्रामवार नियमित दौरों की योजना बनाकर बाह्य रोगी सेवाओं (ओपीडी) के दौरान मरीजों को समय पर बेहतर सुविधाएं प्रदान करें. इसके लिए पर्यवेक्षकों द्वारा उपकेंद्रों पर जाकर सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की जाए, मूवमेंट रजिस्टर पर प्रविष्टि करने के बाद ही मुख्यालय छोड़ने, 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम को अच्छे से क्रियान्वित किया जाए,

मधुमेह रोगी, धूम्रपान करने वाले तपेदिक मरीजों की जांच करने, स्वास्थ्य जागरूकता सामग्री प्रदर्शित करना जहां लोग इसे देख सकें, अगले सप्ताह नागपुर में शीतकालीन सत्र शुरू होगा और उस अवसर पर राज्य के वरिष्ठ अधिकारी, पदाधिकारी, मंत्री स्वास्थ्य संस्थान का दौरा कर सकते हैं मुख्यालय भ्रमण के अवसर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. विभिन्न प्रयोगशाला परीक्षण निःशुल्क भेंट के दौरान उन्होंने जिले में क्षयरोग व कुष्ठरोग को लेकर किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए विभिन्न संकेतकों के अनुसार क्षयरोग कार्यक्रम को क्रियान्वित किया गया तथा लोगों को लगातार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया.

विभिन्न लक्षणों के अनुसार, संदिग्ध तपेदिक व कुष्ठरोग के मरीजों की खोज कर बलगम के नमूने, एक्स-रे, विभिन्न प्रयोगशाला परीक्षण निःशुल्क करने, दवा उपचार के दौरान फॉलोअप रखने, परामर्श देने, निक्षय पोर्टल पर पंजीकरण कराने, निक्षय पोषण योजना का लाभ दिलाने, मरीज के दस्तावेज ऑनलाइन करने, साथी निवासियों की जांच व इलाज करने, टीबी मरीजों को किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट न हो उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव, टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत जैसे विभिन्न मामलों की समीक्षा की गई.


भव्य स्वागत
आज
15 डिसेंबर 2024
सकाळी 11 वा.
स्वागत यात्रा मार्ग
प्राईड हॉटेल
छत्रपती चौक
ऑरेंज सिटी हॉस्पिटल चौक
आठ रस्ता चौक
लक्ष्मीनगर
बजाज नगर
शंकरनगर चौक
लक्ष्मीभुवन चौक येथे समापन
आपल्या नागपूर नगरीच्या सुपुत्राचे स्वागत करण्यासाठी वरील मार्गावर एकत्रित यावे हि विनंती.
नागपूरचे लाडके सुपुत्र माननीय मुख्यमंत्री
देवेंद्रजी फडणवीस
यांचे नागपूरात प्रथम आगमनापर
हार्दिक स्वागत
स्वागतोत्सुक : भारतीय जनता पार्टी व महायुती
टीप : (1) स्वागत रॅलीमधील सर्व बाईकस्वारांनी हेल्मेट घालणे आवश्यक आहे.
(2) सुरक्षेच्या दृष्टीने लक्ष्मीभवन चौक ते लॉ कॉलेज चौक हा मार्ग बंद ठेवण्यात आला आहे.


आपलं नागपुर , आपला उत्सव
खासदार सांस्कृतिक महोत्सव
संकल्पना:
ना.नितीन गडकरी
खासदार सांस्कृतिक महोत्सव
13 से 23 दिसंबर
खासदार सांस्कृतिक महोत्सव नागपूर
अपने अपने राम
प्रस्तुति 15,16 दिसंबर 2024
डॉ. कुमार विश्वास
विश्व विख्यात राम कथा मर्मज्ञ एवं युग-वक्ता
रविवार, 15 दिसंबर 2024 शाम 6:00 बजे
स्थल: ईश्वर देशमुख शारीरिक शिक्षण महाविद्यालय
क्रीडा चौक, हनुमान नगर, नागपुर
Vishwas Trust
DIGITAL KHIDKI
DAMROO
• प्रवेश नि:शुल्क •निमंत्रण पत्रिका अनिवार्य
इस महोत्सव के अन्य कार्यक्रम
विश्व वारकरी सेवा संस्था प्रस्तुत
अभंग वारी
मंगळ. 17 दिसंबर
पंढरपूर आषाढी पायी वारीचे दर्शन घडविणारा
'2000 वारकरी कलाकारांचा नाट्य, नृत्य व संगीतमय आविष्कार'
बुध. 18 दिसंबर
'अभिजात मराठी'
भव्य सांगितीक कार्यक्रम
गुरु. 19 दिसंबर
'साऊंड ऑफ इंडिया'
निलाद्री कुमार
शुक्र. 20 दिसंबर
'सनम बँड'
लाईव्ह इन कॉन्सर्ट
सोम. 23 दिसंबर
जुबिन नौटियाल
लाईव्ह इन कॉन्सर्ट
इस कार्यक्रम की सभी पासेस सिर्फ ऑनलाईन उपलब्ध है।
SCAN FOR PASSES
शनि. 21 दिसंबर
उदीत नारायण
लाईव्ह इन कॉन्सर्ट
रवि. 22 दिसंबर
विशाल मिश्रा
लाईव्ह इन कॉन्सर्ट
आयोजक:
खासदार सांस्कृतिक महोत्सव समिती ,नागपुर
प्रायोजक:
Reliance Industries Limited Growth is Life
TVS
HYUNDAI
Ashok Leyland
Mahindra Rise.
TATA
Hero
BAJAJ
eka
CIAN Agro Industries & Infrastructure Ltd.
neu
Radisson BLU HOTEL NAGPUR
Le MERIDIEN
CENTRE POINT HOTELS & RESORTS
PRIDE HOTELS & RESORTS
HOTEL ASHOK
ENRISE by SAYAJI
UCN Digital TV & Broadband Services
आपली बस
Follow for live updates:
khasdarmahotsavnagpur
Khasdarmohtsngp
For visit for passes:
www.khasdarmahotsav.com